अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. here

कुल प्रश्नों की संख्या :10
**Total No. of Questions : 10**

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 05
**No. of Printed Page : 05**

# M-2019
# PAPER-V
# General Hindi
# सामान्य हिन्दी
# 21.12.2022

समय : 3 घंटे
**Time : 3 Hours**

पूर्णांक : 200
**Total Marks : 200**

## महत्वपूर्ण निर्देश
### IMPORTANT NOTES

(अ) हिंदी व्याकरण / हिंदी निबंध के प्रश्न पत्र को छोड़कर अन्य सभी प्रश्नो का हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर लिखा जा सकता है।
Except Hindi Grammar / Hindi Essay question paper, all other question papers can be written either in Hindi or English language.

(ब) अभियर्थिओ को अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक कटे जाएंगे। अभ्यर्थी लाइनों के अंदर ही लिखे। खली स्थान पर कृपया न लिखे।
The Candidates should not write the answer beyond the prescribed limit of word; failing which, marks will be deducted. Candidate should write answer within the given lines. Please do not write in the blank space.

(स) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखे। प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर किसी भाग पर अनुक्रमांक अन्य कोई नाम, पता, या अन्य कोई पहचान चिन्ह अंकित न करें।
Please write answers only in the prescribed space of booklet. Do not make any mark of identity inside the booklet (including rough paper page) like roll number, name, anyother name, address or such other mark.

(द) यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिंदी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिंदी रूपांतर मान्य होगा।
If there is any short of ambiguity/ mistake ether of printing or of factual nature then out of Hindi and English version of the question, the Hindi Version will be treated as standard.

## विशेष निर्देश
### SPECIAL INSTRUCTION

(अ) इस खंड में तीन मुख्य प्रश्न है जिसके अंतर्गत क्रमशः अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे गए है। प्रश्नों के अंतर्गत विकल्प दिए गए है। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष उसके पूर्णांक अंकित किये गए है।
There are three questions as very short type, short type and long type questions in this part, in which there are sub questions in each question. There are internal choice in questions. The Maximum marks are printed in front of each question.

**प्रश्न 1: इस प्रश्न में 20 अतिलघुउत्तरीय उप प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 20 शब्दों में देना है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंकों का हैं। (20x3=60)**

1.1 गुण स्वर संधि व वृद्धि स्वर संधि में अंतर लिखो?

1.2 समासरूढ़ शब्द किसे कहते है? उदाहरण दीजिए?

1.3 निजवाचक सर्वनाम की परिभाषा व उदाहरण दें?

1.4 पूर्वी हिन्दी की प्रमुख बोलियाँ लिखे?

1.5 भाषा से संबंधित संविधान संशोधनों का उल्लेख करें?

1.6 देवनागरी लिपि के दोष बतायें?

1.7 प्राणत्व के आधार पर व्यंजनों का वर्गीकरण करें?

1.8 हिन्दी ध्वनियों को कितने भागों में बांटा गया है?

1.9 पर्यायवाची क्या है? इसके भेद बतायें?

1.10 कार्यालयीन संक्षेपण के प्रकार बतायें?

1.11 आदेश क्यों दिए जाते है?

1.12 मानकीकरण क्या है? इसके सोपान बताइए?

1.13 भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा विकसित दो सॉफ्टवेयर के नाम लिखिए?

1.14 नित्य पुलिंग क्या है?

1.15 आपठित गद्यांश की विशेषताएं बताइए?

1.16 अनुच्छेद – 351

1.17 प्रत्यय क्या है? इसके भेद लिखिए?

1.18 विज्ञापन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

1.19 अच्छे प्रारूपण की तीन विशेषताएं बतायें?

1.20 कामता प्रसाद गुरू ने समासों को कितने भागों में बांटा है?

**प्रश्न 2: निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए? प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंकों का हैं। (5x4 =20)**

2.1 प्राचीन भारत में आर्थिक सम्पन्नता के कारण बड़े साम्राज्य का उदय हुआ।

2.2 भारतीय प्रशासन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

2.3 आशा अमर है। उसकी अराधना कभी निष्फल नहीं होती।

2.4 अनुशासन ही उद्देश्य और उपलब्धि के बीच सेतु है।

2.5 हमारा आत्मविश्वास जैसा होता है, वैसी ही हमारी क्षमता होती है।

**प्रश्न 3: निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए? प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंकों का हैं। (5x3 =15)**

3.1 History is like a mirror has it high lights the impact of post deeds.

3.2 Unless you work hard you are not going to suceed.

3.3 I may be allowed to travel first class.

3.4 Anger is the ultimate destroyer of your won place.

3.5 You can achieve success if you work hard.

**प्रश्न 4: किसी एक गद्यांश का एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण करें। (1x5 =15)**

साम्प्रदायिक सद्भाव और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि प्रेम से प्रेम और विश्वास से विश्वास उत्पन्न होता है और यह भी नहीं भूलना चाहिए कि घृणा से घृणा का जन्म होता है, जो दावाग्नि की तरह सबको जलाने का काम करती है। महात्मा गाँधी घृणा को प्रेम से जीतने में विश्वास करते थे। उन्होंनें सर्वधर्म सम्भव द्वारा साम्प्रदायिक घृणा को मिटाने का आजीवन प्रयत्न किया। सभी धर्म आत्मा के शांति के लिए भिन्न–भिन्न उपाय और साधन बनाते है। धर्मो में छोटे–बड़े का कोई भेद नहीं है। सभी धर्म सत्य, प्रेम, समता, सदाचार और नैतिकता पर बल देते है। इसलिए धर्म के मूल में पार्थक्य भेद नहीं है।

**अथवा**

मांगलिक अवसरों पर पुष्पमालाओं का महत्व कोई नया नहीं है। पुष्पमालाएँ उन्हें ही पहनाई जाती थी जिन्हें सामाजिक दृष्टि से विशिष्ट या अतिविशिष्ट माना जाता था। देवताओं पर पुष्पमालाएँ अर्पित करने के पीछे मनुष्य की ऐसी ही भावनाएँ थी। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है, फूलों की मालाओं को धारण करना जितना सम्मान, फूलों की माला पहनाकर किसी अति विशिष्ट व्यक्ति को दिया जाता है उसकी सार्थकता तभी है जब वह व्यक्ति अपने गले में धारण कर उसे स्वीकार करें। यदि वह विशिष्ट व्यक्ति उसे धारण नहीं करता है तो वह अप्रत्यक्ष रूप से स्वयं उस सम्मान का तिरस्कार करता है। इसमें न सिर्फ पुष्पमाला पहनाने वालों का बल्कि उन फूलों का भी अपमान होता है जो उसमें गूंथ जाते है। वर्तमान लोक रीति में पुष्पमालाओं का ऐसा अपमान शिक्षित एवं सुसंस्कृत कहे जाने वाले वर्गो में देखा जा सकता है। किसी भी शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि या विशिष्ट व्यक्ति को पुष्पमालाएँ पहनाई तो जाती है, लेकिन न जाने कि कुठा या कुसंस्कार के कारण वे उसे गले से निकालकर सामने टेबल पर रख देते है।

**प्रश्न 5: निर्देशानुसार पत्र–लेखन करें, अधिकतम शब्द सीमा 100 है। (अंक 15)**

व्यावसायिक पत्र–उदाहरण सहित समझाओं?

**अथवा**

अधिसूचना क्या है? विशेषताएँ बताएँ व अधिसूचना का प्रारूप तैयार करें।

**प्रश्न 6:(i) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच अंग्रेजी शब्दों का हिन्दी में अनुवाद करें। (5x3 =15)**

Deregistered
Devotion
Arrears
Census
Bond
Deputation
Shorthand
Vacant

**अथवा**

**(ii) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच हिन्दी शब्दों का अंग्रेजी में अनुवाद करें।**

आकस्मिक, राजदूत, अनुक्रमणिका, दोषमुक्ति, निदेशालय, उपस्कर, न्यायोचित।

**प्रश्न 7: निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से किन्हीं पाँच का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए? प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंकों का हैं।** **(5x3=15)**

(i) अधजल गगरी छलकत जाए

(ii) जल में रहकर मगर से बैर

(iii) चौबे गए छब्बे बनने दुबे बनकर आए

(iv) कोल्हू का बैल होना

(v) घड़ों पानी पड़ जाना

(vi) न तीन में न तेरह में

(vii) कान फूंकना

(viii) भुंजी भांग न होना।

**प्रश्न 8: निम्नलिखित किन्हीं पाँच प्रश्नों के एत्तर कीजिए? प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंकों का हैं।** **(5x3=15)**

(i) 'सख्यागमन' का संधि विच्छेद करें व संधि नाम बतायें?

(ii) अप्+ज का संधि कीजिए।

(iii) अलौकिक का समास विगृह करें व समास का नाम बतायें?

(iv) संकल्प का विलोम लिखे?

(v) 'आकाश' के पर्यायवाची लिखें?

(vi) 'टंकशाला' का तद्भव लिखें।

(vii) 'तपसी' का तत्सम लिखें।

(viii) युग्म शब्द 'अंस' व 'अंश' के अर्थ बतायें।

KAUTILYA ACADEMY INDORE

**प्रश्न 9: निम्नलिखित किसी एक गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंकों का हैं।** **(5x3=15)**

आज के सांस्कृतिक मानचित्र को देखिए। आधुनिकीकरण के प्रबल आग्रह के बावजूद जातीय स्मृतियाँ सशक्त ढंग से उभर रही है और नयी सांस्कृतिक चेतना परम्परा को विस्मृत करने के पक्ष में नहीं है। समाज का ढाँचा चरमरा रहा है। वैयक्तिकरण ने एक अजीब–सी दिशाहीनता की स्थिति उत्पन्न की है, जिसमें निजी हित व्यापक सामाजिक हितों पर हावी हो गए है। जिस वैकल्पिक भविष्य की तलाश हम कर रहे है, उसमें मानव समाज के पुनर्गठन की योजना भी सम्मिलित है। इस नये समाज का आधार होगा अर्थपूर्ण मानवीय संबंधों की पुनः स्थापना। यदि हमें औद्योगिकरण और महानगरीकरण की विकृतियों से बचना है और अमानवीकरण के उफान को रोकना है तो हमें उद्योगों का रूप बदलना होगा और साथ ही सामाजिक संबंधों का आधार भी।

उक्त गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(i) इस समय भारतीय समाज किस प्रकार के अंतर्द्वद्व से गुजर रहा है?

(ii) 'समाज का ढाँचा चरमरा रहा है' ऐसा लेखक को क्यों लग रहा है?

(iii) अर्थपूर्ण मानवीय संबंधों की तलाश लेखक क्यों कर रहा है?

(iv) उद्योगों के रूप को लेखक क्यों बदलना चाहता है?

(v) लेखक के अनुसार नये समाज निर्मिति के लिए कौन–से परिवर्तन आवश्यक है?

**अथवा**

किसी भी कार्य की सफलता के लिए ध्येय के प्रति उत्कृष्ट लगन, कार्य में अटूट श्रृद्धा एवं अपनी शक्तियों में पर्याप्त विश्वास आवश्यक है। विश्वास, एकाग्रता, लगन, संतुलन, श्रृद्धा आदि सब साहस के ऊपर निर्भर है, क्योंकि मनुष्य का सबसे प्रथम गुण साहस है साहस अन्य सब गुणों का प्रतिनिधित्व करता है। यदि तन सशक्त हो, मन सशक्त हो, वाणी सशक्त हो तो उनके द्वारा प्राप्त कार्य–शक्ति के आगे भाग्य स्वयं नतमस्तक हो जाता है। साहसी की प्रतिभा के सामने शोक, भय भाग जाते है। साहसी को संसार भी रास्ता देता है। मनुष्य में सब गुण हों, वह विद्वान हो, धनवान हो, शक्तिशाली हो, पर यदि उसमें साहस न हो तो वह अपने सद्‌गुणों का अपनी योग्यताओं व अपनी शक्तियों का उपयोग नहीं कर सकता। साहस मनुष्य के व्यक्तित्व का नायक है। साहस व्यक्ति को निर्भय बनाता है और जहाँ निर्भयता होती है वहाँ सफलता निश्चित है। निर्भयता से ही आत्मविश्वास जाग्रत होता है। आत्मविश्वास के अभाव में हम उस प्रत्येक कार्य को करते हुए डरेंगें जो हमनें पहले नहीं किया और जो बिल्कुल नया है। जिनके संकल्प अधूरे होते है, जो संशय–ग्रस्त होते है, वे कोई बड़ा काम नहीं कर पाते और कुछ करते भी है तो उनमें असफल हो जाते है।

उक्त गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(i) कार्य की सफलता के लिये क्या आवश्यक है?

(ii) भाग्य किनके नतमस्तक हो जाता है?

(iii) मनुष्य अपने सद्‌गुणों, योग्यताओं तथा शक्तियों का कब उपयोग नहीं कर पाता है?

(iv) किसी बड़े काम में सफल होने के लिये इनमें से कौन सा गुण आवश्यक है?

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक क्या है?

**प्रश्न 10: निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संक्षिप्त प्रतिवेदन दें? अधिकतम शब्द सीमा 150 है। प्रश्न 15 अंकों का है।** **(1x15=15)**

जी–20 विश्व सम्मेलन पर प्रतिवेदन लिखे।

**अथवा**

सर्वधर्म पर प्रतिवेदन लिखे।

KAUTILYA ACADEMY INDORE